पुलिस थाना-बड़ागाँव, जनपद-वाराणसी कमिश्नरेट।
उत्तर प्रदेश पिन नं-221204

****

प्रेस नोट

थाना बड़ागाव पुलिस द्वारा जनता के सहयोग से एक नफर अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त टेम्पो वाहन को सीज किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के निर्देशन में दिनांक 14.03.2023 को श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में चोरी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को लोहे का गेट चुराकर वाहन संख्या UP65GT2127 से ले जाते हुए जनता की सहायता से गिरफ्तार कर लोहे का गेट बरामद किया गया।

दिनांक 14.03.2023 को मुकदमा वादी अभिषेक मिश्रा व उनके साथी राजेश सिंह द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया कि दो व्यक्ति को बाबतपुर में लोहे का गेट चुराकर टेम्पो वाहन संख्या UP65GT2127 में लादते हुए पकड़ लिया गया है तथा उसका दूसरा साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया है कि सूचना पर श्रीमान प्रभारी निरीक्षक बडागाव के निर्देशन में थाना बडागाव पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पकडे गये व्यक्ति विनय कुमार पुत्र उमाकान्त बिन्द निवासी सुरहाँ थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 32 वर्ष को समय करीब 08.00 बजे रात्रि मे हिरासत पुलिस में लिया गया और चोरी के सामान लोहे को गेट को बरामद कर मुकदमे मे प्रयुक्त टेम्पो को सीज कर चालान किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद चोरी के सामान को हमराही कर्मचारीगण की मदद से थाना हाजा पर लाकर मु0अ0स0 75/2023 धारा 379/411 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

अभियुक्त का नाम पताः

1. विनय कुमार पुत्र उमाकान्त बिन्द निवासी सुरहाँ थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 32 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान – दिनांक 14.03.2023 समय करीब 20.00 बजे रात्रि बाबतपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी कमिश्नरेट।

पंजीकृत अभियोग जिसके अन्तर्गत गिरफ्तारी हुई है का विवरण –

मु0अ0सं0- 75/2023 धारा 379/411 भादवि थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी कमिश्नरेट।

बरामदगी का विवरण –

लोहे का गेट।

पुलिस टीम का विवरणः

उ0नि0 श्री हरिनारयण शुक्ला ।

उ0नि0 श्री विक्रम सिंह।

थाना बड़ागाँव जनपद वाराणसी कमिश्नरेट।

फोटो –